बी सी एम स्कूल बसंत एवेन्यू दुगरी लुधियाना

कक्षा-पाँचवी    विषय हिंदी

कार्य पत्रिका  2

पाठ- 4,5 विराम चिह्न, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, विलोम शब्द

प्रश्न 1निम्नलिखित अपठित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

मैं भारत देश का रहने वाला हूँ। मेरे देश का विश्व में अभिन्न स्थान है। मेरे देश की महिमा निराली है। इसके उत्तर में बर्फ से ढकी हिमालय की चोटियाँ है और दक्षिण में विशाल हिंद महासागर है। इसमें अनेक नदियाँ प्रेम पूर्वक बहती हैं। इनमें गंगा, यमुना, नर्मदा ,कृष्णा,कावेरी व ब्रह्मपुत्र अपना विशेष स्थान रखती हैं। भारत देश में कहीं रेतीले प्रदेश हैं तो कहीं पहाड़ी और कहीं समतल धरती है। राम,कृष्ण ,महावीर ,गौतम बुद्ध ,गुरु नानक देव जी, मदर टेरेसा आदि महान लोगों की स्थल भी भारत ही है। छः ऋतुएं -हेमंत ,वर्षा ,वसंत ,शिशिर, शरद पतझड़ का आगमन भी यहाँ होता है। हमें अपने देश पर सदा गर्व करना चाहिए।

1.प्रश्न-भारत में बहने वाली प्रमुख नदियाँ कौन सी है?

2.प्रश्न-भारत के महापुरुषों के नाम बताइए।

3.प्रश्न-भारत की 6 विभिन्न ऋतुओं के नाम बताइए।

4.रिक्त स्थान भरिए।

मेरे देश का विश्व में अभिन्न ........ है।

5. रेफ (र) वाले दो शब्द लिखो-

प्रश्न -2-खाली स्थान भरो-

1. कुत्ते का जीवनकाल........ वर्ष होता है।

2. कविता श्रेय में...... की प्रशंसा की गई।

प्रश्न-3 पर्यायवाची शब्द-

1. पानी-

2-पेड़-

प्रश्न-4-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें-

प्रश्न-1 नीलू की मांँ का नाम बताइए?

प्रश्न-2 महादेवी वर्मा नीलू को अपने साथ कहांँ ले आई?

प्रश्न-3 कविता श्रेय के कवि का नाम लिखो?

प्रश्न-4 पेड़ ने अपना सारा श्रेय किसे दिया?

प्रश्न-5-निम्नलिखित वाक्यों में विराम चिन्ह लगाओ-

1. मांँ ने रसगुल्ले जलेबी और हलवा बनाया

2. शाबाश तुमने बहुत अच्छा किया

प्रश्न-6-अनेक शब्दों के लिए एक शब्द-

1. जो छोटा भाई हो-

2. जो आवश्यक हो-

3. देखने वाला-

प्रश्न-7- विलोम शब्द -

1. चतुर-

2. हार-

3. आशा-